| Publication | Hindustan Times |
|---|---|
| Language/Frequency | English/Daily |
| Page No | 04 |
| Date | 3rd May 2019 |

hindustantimes

SCIENCE

# Stream acers relied more on self-study

Leena Dhankhar
leena.dhankhar@hindustantimes.com

GURUGRAM: Joshua Jeevanand Davis and Ayush Verma from Delhi Public School, Sector 45, and Suncity School respectively secured 98% in the science stream — the highest in the city — in the class 12 examination of the CBSE.

Both the toppers said they mainly focussed on what was taught at school and relied more on self-study rather than on private coaching. In the run-up to the exams, they stayed away from mobile phones and social media to concentrate on their studies. Nonetheless, they found the opportunity to spend time with their friends once a week.

"I studied throughout the year and followed a few simple strategies. Instead of cramming before the exams, I had set agendas and was determined to achieve my goals," said the 17-year-old Davis. "I used to study for eight to nine hours every day, during which music helped me stay calm and focused. I used to play the piano during the short breaks I took from my studies," he said. He said he initially faced difficulties with physics and took private coaching for a while to prepare for the Indian Institutes of Technology (IIT).

Verma, on the other hand, said he was extremely nervous when he turned on his laptop on Thursday morning to check the results but felt exhilarated when he saw he got 490 out of 500. "I was not expecting to do this well, although I had thought I would secure at least 95%," he said, adding, "My teachers helped me throughout the year. I would set a goal for each day, in terms of concepts and chapters, and tried to complete them in whatever time it took. After this, I was done for the day."

Till about six months ago, Verma wanted to be a sports journalist. However, his ambitions have changed. He is now keen on pursuing a degree in economics or finance from Singapore or Canada. He will be sending his results to top colleges there.

## GENIUS MINDS



**Joshua J. Davis**
Delhi Public School, Sector 45

**Percentage:** 98

**Marks:** Chemistry (100), Physics(98), Maths(98), Biology(99), English (95)

**Future Plans:** Preparing for IIT



**Ayush Verma**
Suncity School

**Percentage:** 98

**Marks:** English(98), Physics(98), Chemistry (98), Economics(97), Maths (99)

**Future Plans:** Pursuing finance

| | |
|---|---|
| Publication | The Times of India |
| Language/Frequency | English/Daily |
| Page No | 03 |
| Date | 3rd May 2019 |

THE TIMES OF INDIA


# With 99.2%, Akriti is Gurgaon topper

## Aayush, Joshua Joint Science Toppers With 98%, Tanvi Tops Commerce With 97.8%

**Sakshi.Virmani**@timesgroup.com

**Gurgaon:** Central Board of Secondary Education (CBSE) declared results of Class 12 examinations on Thursday and city students did not disappoint. With an impressive 99.2%, Akriti Kiran topped the district. She is a student of humanities stream at Amity International School, Sector 46.

Akriti credited her success to teachers. "I am feeling very happy that my consistency and hard work paid off. I studied four-five hours a day on a regular basis. My teachers really helped me in achieving this score," she said.

Akriti said that she had been hoping to score around 95% marks but had not expected to be the topper.

She said that her favourite subject was history but she wanted to pursue an Honours degree in political science. Other than studying, Akriti spends her time gardening and painting.



Akriti Kiran

She said that she had picked up a number of painting styles such as Nepali and Madhubani, and would like to further engage in creating art.

**LIKES HISTORY |** Akriti, a student of Amity International School in Sector 46, said that her favourite subject was History but she wanted to pursue an Honours degree in Political Science

Meanwhile, there was a tie for the topper's spot in the science (physics, chemistry, maths) stream between Auyush Verma of Suncity School, and Joshua Jeevanand Davis of DPS, Sector 45, both of whom scored 98%.

Auyush, a resident of Sector 54, attributed his success to his teachers, as well.

"My teachers helped me throughout the 12th grade, and today, all my efforts paid dividends. I would like to thank my school principal and teachers for their support. I hope to succeed in whatever I do in life," he said. An unusual choice for a science student, Auyush wants to be a sports journalist in the future and loves playing football. Joshua Davis is basking in his success, along with preparing for the JEE advance.

He said that his elder sister, a consultant gynaecologist, was his inspiration.

"She scored a full 100 in chemistry and I wanted to do the same. I did. I prepared throughout the year, putting five to six hours on NCERT prescribed textbooks," said Joshua.

Tanvi Anand from Amity International School, Sector 46, was the commerce stream topper in the district with a whopping 97.8%. She could not be reached for comment.

In a first, twins bagged top spots in DPS Sushant Lok in their respective streams. Anushthi Jain scored 97% in the commerce stream and her brother Arnav Jain scored 96.6% in the science stream.

As per data shared by CBSE office, Panchkula, there has been an increase in the overall pass percentage of the Panchkula region, comprising Punjab, Haryana, Himachal Pradesh and Jammu and Kashmir, with 87.57% this year from 85.65% last year. This year, 96,163 boys passed the exam out of 1,22,463 who appeared, while 79,559 girls out of 89,408 passed. The pass percentage of girls in government schools was 84.84% as against 78.30% of boys.

| Publication | Hindustan |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 01 |
| Date | 3rd May 2019 |

हिन्दुस्तान

# साइंस में आयुष बना गुरुग्राम का टॉपर

**गुरुग्राम।** साइंस में शहर के टॉपर बने आयुष वर्मा का सपना फाइनेंस एक्सपर्ट बनने का है। 98 फीसदी अंक हासिल करने वाले सनसिटी स्कूल के छात्र आयुष ने कहा कि उसे अच्छे प्रदर्शन के लिए नियमित तौर पर लक्ष्य बनाकर पढ़ाई की। माता-पिता दोनों ने प्रोत्साहित किया। घर में पढ़ाई के अनुकूल वातावरण बनाया गया।

आयुष को गणित में सबसे ज्यादा 99 अंक मिले, जबकि अंग्रेजी, रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान में 98-98 अंक हासिल किए। अर्थशास्त्र में 97 अंक मिले। उसने बताया कि उनके पिता आदित्य वर्मा व्यवसायी हैं, जबकि उनकी मां शिक्षिका हैं। घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती हैं। उन्होंने बताया कि अप्रैल में आईआईटी-जेईई का पेपर भी पास किया है। उसमें 93.5 प्रतिशत अंक हासिल किए। अब वह जेईई एडवांस की तैयारी कर रहा है। वह फाइनेंस एक्सपर्ट बनना चाहता है।



98.0 %
अंक हासिल किए

| Publication | Navbharat Times |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 01 |
| Date | 3rd May 2019 |

नवभारत टाइम्स

## सीबीएसई 12वीं में एमिटी स्कूल की छात्रा को मिले 99.2 पर्सेंट अंक

# बिना ट्यूशन आकृति बन गईं टॉपर

■ **साक्षी रावत, गुड़गांव :** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने गुरुवार को 12वीं का परिणाम जारी किया। इसमें सेक्टर-46 स्थित एमिटी इंटरनैशनल स्कूल की छात्रा आकृति किरण ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 99.2% अंक के साथ जिले में टॉप किया है। प्रदेश में उनका स्थान तीसरा है। पहले स्थान पर जींद और दूसरे स्थान पर हिसार के स्टूडेंट हैं। इसके अलावा ह्यूमैनिटीज में ही ब्लू बेल्स सेक्टर 10 की छात्रा युक्ति को 98.6 पर्सेंट और साइंस स्ट्रीम से आयुष को 98 पर्सेंट नंबर मिले। इसके अलावा दिव्यांग श्रेणी में गुड़गांव की लावण्या ने 97.8% अंक के साथ देश में टॉप किया है। वह हेरिटेज स्कूल की छात्रा हैं।

मारुति विहार में रहने वाली आकृति ने बताया कि पेंटिंग उनका फेवरेट विषय है। इसमें उन्हें 100 नंबर मिले हैं। पेंटिंग में वह हमेशा गहरे रंगों का इस्तेमाल करती हैं। स्टेट लेवल पर आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकीं छात्रा ने बताया कि ग्लास, पोस्टर, पोस्टकार्ड समेत कई तरह की पेंटिंग बनाती रहती हैं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय से पॉलिटिकल साइंस से बीए ऑनर्स में ऐडमिशन के लिए आवेदन करेंगी। आगे चलकर उनका सपना आईएएस अधिकारी बनने का है। उनके पिता राजीव किरण एक्सपोर्ट का बिजनेस करते हैं और मां रुबी किरण हाउसवाइफ हैं। राजीव किरण ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद थी कि उनकी बेटी टॉप करेगी, क्योंकि वह तीसरी क्लास से ही क्लास में टॉप करती आई थी।

### बनना चाहती हैं आईएएस

**आकृति ने** बताया कि उन्होंने कभी ट्यूशन नहीं पढ़ा। उन्हें सेल्फ स्टडी पर भरोसा था। उन्होंने पूरे वर्ष 4 से 5 घंटे पढ़ाई की। परीक्षा के समय रोजाना 6 घंटे पढ़ाई करती थीं। इस सफलता का श्रेय वह पैरंट्स को देती हैं। उनका सपना आईएएस अधिकारी बनने का है।

### इतने मिले अंक

इंग्लिश 98, पॉलिटिकल साइंस 99, इकनॉमिक्स 99, हिस्ट्री 100, पेंटिंग 100



Kailash

रिजल्ट आने के बाद सेक्टर 46 स्थित एमिटी स्कूल के बच्चों ने अपनी प्यारी सहेली आकृति को खुशी से गोद में उठा लिया


### युक्ति जिले में सेकंड



493 नंबर

ब्लू बेल्स सेक्टर-10 स्कूल की युक्ति ने 98.6 पर्सेंट अंक प्राप्त करके जिले में दूसरे स्थान पर टॉपर रही हैं। युक्ति के पिता अशोक कुमार एक स्कूल में लेक्चरार हैं और मां पिंकी यादव बुटीक संचालिका हैं। युक्ति अब पॉलिटिक्ल साइंस में अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखेंगी और साथ ही यूपीएससी की तैयारी भी करेंगी।

### साइंस में जोशुआ और आयुष को 98 पर्सेंट



490 नंबर

सेक्टर-45 स्थित डीपीएस के साइंस के टॉपर जोशुआ ने भी सेक्टर-54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल के छात्र आयुष वर्मा के साथ 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जोशुआ ने नियमित पढ़ाई से बेहतरीन अंक प्राप्त किए। जोशुआ इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। उन्होंने आईआईटी मेंस पास किया है। उन्होंने सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया।



490 नंबर

साइंस स्ट्रीम में सनसिटी स्कूल के आयुष ने 98 % अंक प्राप्त किए हैं। आगे वह इकनॉमिक्स में ग्रैजुएशन करने की सोच रहे हैं। वह कॉरपोरेट सेक्टर के साथ-साथ फाइनैंस और बैंकिंग के क्षेत्र में आगे काम करना चाहते हैं। सेक्टर-54 में रहने वाले आयुष के पिता आदित्य वर्मा बिजनेसमैन हैं और मां सीमा वर्मा ट्यूशन पढ़ाती हैं।



489 नंबर

### दिव्यांग श्रेणी में लावण्या पूरे देश में आईं अव्वल

दिव्यांग श्रेणी में गुड़गांव की लावण्या बालकृष्णनन ने 489 अंकों के साथ ऑल इंडिया लेवल पर टॉप किया है। सेक्टर-56 में रहने वाली लावण्या को सुनने में परेशानी है। छठी क्लास से उन्हें कानों में दिक्कत है। सेक्टर-62 स्थित हेरिटेज स्कूल में पढ़ने वाली लावण्या ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 97.8% अंक प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि वह आगे चलकर ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहती हैं। एनिमेशन और ग्राफिक का उन्हें काफी शौक है। उन्होंने स्कूल में ही तबला बजाना सीखा। लावण्या की मां जया बालकृष्णनन हेरिटेज स्कूल में ही मैनेजमेंट में काम करती है और पिता के. के. बालकृष्णनन एनजीओ में कार्यरत हैं। जया ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है, वह पहले से ही हर चीज में मेहनती रही है। उन्होंने बताया कि इंग्लिश से थोड़ा निराश किया, लेकिन आगे उसे और बेहतर करेंगी। ***बोर्ड परीक्षा के बादशाह -देखें पेज 4 पर***

### कॉमर्स : तन्वी को पहला स्थान

सेक्टर 46 एमिटी इंटरनैशनल स्कूल तन्वी ने कॉमर्स स्ट्रीम में 97.8 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया है। तन्वी ने 500 में से 489 अंक प्राप्त किए। 12वीं के बाद अब वह फैशन डिजाइनिंग कोर्स करेंगी और इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाएंगी। सोहना रोड में रहने वाली तन्वी की मां रशिका और पिता रोहित दोनों ही जॉब करते हैं। तन्वी ने बताया कि उन्हें स्केटिंग और रीडिंग का भी शौक है।



489 नंबर

| | |
|---|---|
| Publication | Dainik Jagran |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | IV |
| Date | 3rd May 2019 |

दैनिक जागरण


# इंजीनियर बनना चाहते हैं साइंस टॉपर जोशुआ

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम**: दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 45 गुरुग्राम के साइंस के टॉपर जोशुआ ने सेक्टर 54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल के छात्र आयुष वर्मा के साथ 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। जोशुआ ने नियमित पढ़ाई से बेहतरीन अंक प्राप्त किए हैं। हालांकि इस सफलता की उम्मीद उन्हें नहीं थी, लेकिन उन्हें जब यह सूचना मिली तो सबसे पहले उन्होंने अपने माता पिता को इसकी जानकारी दी।

**इंजीनियर बनने की चाह**: जोशुआ आगे की पढ़ाई में इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। इसके लिए वे तैयारी भी कर रहे हैं। उन्होंने आइआइटी मेंस में सफलता अर्जित की है। जोशुआ अपनी इस सफलता के श्रेय माता पिता व शिक्षकों को देना चाहते हैं। उनकी मां कैमेस्ट्री की शिक्षक हैं। जोशुआ का कहना था कि मां की प्रेरणा से एकेडमिक्स में आगे बढ़े तो पिता की प्रेरणा से कभी हार नहीं मानी। पिता जोसफ बायोटेक्नोलॉजी के प्रोफेसर हैं।

**खेलों में भी चैंपियन**: जोशुआ पढ़ाई के साथ साथ खेलों व पियानो में भी महारथ रखते हैं। उन्होंने अन्य खेलों के साथ ताइक्वांडो में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल भी जीता है। उनका कहना है कि खेलों और संगीत से बेहतर स्ट्रेस बस्टर कोई नहीं हो सकता।

### विषयवार अंक

| | |
|---|---|
| इंग्लिश | 95 |
| कैमेस्ट्री | 100 |
| फिजिक्स | 98 |
| मैथ्स | 98 |
| बायोलॉजी | 99 |
| प्रतिशत | 98 |



जिले के साइंस टॉपर गुरुग्राम के सेक्टर 45 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल का छात्र जोशुआ अपने माता पिता के साथ • जागरण

## बैंकिंग क्षेत्र में जाना चाहते हैं टॉपर आयुष

विज्ञान संकाय में आयुष ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सनसिटी स्कूल के आयुष अब इकोनॉमिक्स में अपने ग्रेजुएशन की पढ़ाई करेंगे वहीं कॉरपोरेट सेक्टर के साथ-साथ फाइनेंस, बैकिंग के क्षेत्र में आगे कार्य करना चाहते हैं। सेक्टर-54 में रहने वाले आयुष के पिता आदित्य वर्मा बिजनेस मैन हैं और मां सीमा वर्मा ट्यूशन शिक्षक हैं। आयुष बताते हैं कि परीक्षाओं के दौरान कभी भी उन्होंने घंटों में अपनी पढ़ाई को नहीं बांटा। हमेशा टॉपिक के साथ अपनी पढ़ाई को विभाजित किया करते थे। रोजाना लक्ष्य बनाकर करके चलते थे और उसी अनुसार पढ़ाई भी करते थे। पढ़ाई के अलावा उनकी हॉबी फुटबॉल में रही, इसलिए स्कूल टूर्नामेंट में हमेशा बेहतरीन प्रदर्शन दिया।

### विषयवार अंक

| | |
|---|---|
| इंग्लिश | 98 |
| फिजिक्स | 98 |
| कैमेस्ट्री | 98 |
| मैथ्स | 99 |
| इकोनॉमिक्स | 97 |

| Publication | Amar Ujala |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 04 |
| Date | 3rd May 2019 |

अमर उजाला

# विज्ञान संकाय के टॉपर बने आयुष वर्मा

अमर उजाला ब्यूरो

**गुरुग्राम।** सीबीएसई 12वीं के परिणाम में विज्ञान संकाय के आयुष वर्मा ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टॉप किया। आदित्य का सपना सिंगापुर विश्वविद्यालय से आगे की पढ़ाई करने का है। सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल के छात्र आयुष ने बताया कि पढ़ाई को लेकर वह शुरू से गंभीर रहे हैं। वह एक चैप्टर शुरू करते हैं तो उसे खत्म होने तक निरंतर पढ़ाई करते हैं। अभिभावकों ने भी पढ़ाई को लेकर कभी कोई प्रेशर नहीं दिया। परिवार का पूरा सहयोग मिला। यही वजह है कि बेहतर परिणाम आया।

फुटबॉल खेलना व आर्टिकल लिखने का है शौक आयुष बताते हैं कि पढ़ाई के साथ ही उन्हें फुटबॉल खेलने व आर्टिकल लिखने का शौक है। वह पहले पत्रकारिता करना चाहते थे, इसलिए आर्टिकल लिखना शुरू किया। उनके कई आर्टिकल पोर्टल पर प्रकाशित भी हुए हैं। रोजाना वह फुटबॉल का अभ्यास करते हैं। हालांकि परीक्षा के दौरान सिर्फ पढ़ाई पर ही फोकस किया। आयुष सोशल साइट्स पर एक्टिव नहीं हैं, क्योंकि इससे पढ़ाई से ध्यान भटकता है। इनकेपरिवार में माता-पिता और नानी हैं। पिता बिजनेस मैन व मां सीमा ट्यूशन संचालिका हैं। माता पिता का कहना है कि आयुष ने परिवार का नाम रोशन किया है।



**98** फीसदी अंक हासिल किए

## कॉमर्स की टॉपर बनीं तन्वी


गुरुग्राम। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल की तन्वी ने कॉमर्स संकाय में 97.8 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया है। तन्वी ने 500 में से 489 अंक प्राप्त किए। तन्वी के मां रशिका और पिता रोहित दोनों ही निजी कंपनी में कार्यरत हैं। माता-पिता की तरह ही ही तन्वी भी अलग क्षेत्र में नाम रोशन करना चाहती हैं। इन्हें स्केटिंग और किताबें पढने का शौक है। 12वीं के बाद वह फैशन डिजाइनिंग में दाखिला लेंगी।

आयुष ने जेईई मेंस 93.5 स्कोर के साथ पास किया है। सनसिटी स्कूल की प्रधानाचार्या रूपा चक्रवर्ती ने कहा कि आयुष की सफलता से वह बेहद खुश हैं।

| | |
|---|---|
| Publication | Gurgaon Today |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 04 |
| Date | 3rd May 2019 |

गुड़गांव टुडे

# सनसिटी स्कूल के आयुष वर्मा ने विज्ञान में टॉप किया



**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम।** सनसिटी स्कूल से विज्ञान (पीसीएम) के छात्र आयुष वर्मा ने गुरुग्राम में कक्षा 12वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में टॉप किया है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में 98त्न अंक प्राप्त किए हैं। इस साल सीबीएसई की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए सनसिटी स्कूल के 80 छात्र उपस्थित हुए और स्कूल ने 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। आयुष को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए, सनसिटी स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती रूपा चक्रवर्ती ने कहा, मुझे आश्चर्य नहीं है कि आयुष ने परीक्षा में टॉप किया है, लेकिन अभिभूत हूँ क्योंकि उसने जो कुछ भी हासिल किया है, वह हासिल करने के लिए सभी छात्र इच्छुक रहते हैं। यह कहना प्रासंगिक होगा कि वह हमेशा एकाग्रचित्त रहा है, यह सचमुच अर्जुन की तरह मछली की आंख पर ध्यान केंद्रित किये रहा था। वह प्रौद्योगिकी के अन्य कौशल से भी परिपूर्ण है, उसके साथ बहुत स्पष्ट था की वह क्या करना चाहता है और कभी किसी ट्यूशन के लिए नहीं गया था। उसने संयुक्त प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली है और एक बहुत ही ईमानदार लड़का है। मैं उसे बहुत शुभकामनाएं देती हूं और उसे मेरा आशीर्वाद देती हूं। वह अच्छे व्यवहार और व्यवहारिकता का प्रतीक है। गुरुग्राम के सेक्टर 54 के निवासी आयुष को अपने ख़ाली समय में फुटबॉल खेलना पसंद है और वह स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट बनने की इच्छा रखता है। आयुष ने जेईई मेन्स 93.5त्न स्कोर के साथ पास किया है। आज मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन है। जब मैं स्कोर की जांच करने के लिए अपने लैपटॉप पर स्विच ऑन कर रहा था तो मैं बेहद घबरा हुआ था, लेकिन जब मैंने अपना परिणाम देखा तो घबराहट जल्द ही उत्साह में बदल गई। मेरे शिक्षकों ने 12 वीं कक्षा में मेरी बहुत मदद की।

THE TIMES OF INDIA
CITY

https://timesofindia.indiatimes.com/city/gurgaon/with-99-2-akriti-is-gurgaon-topper/articleshow/69153172.cms

# With 99.2%, Akriti is Gurgaon topper

Sakshi Virmani | TNN | Updated: May 3, 2019, 8:07 IST

A- A+



Gurgaon: Central Board of Secondary Education (CBSE) declared results of Class 12 examinations on Thursday and city students did not disappoint. With an impressive 99.2%, Akriti Kiran topped the district. She is a student of humanities stream at Amity International School, Sector 46.

Akriti credited her success to teachers. "I am feeling very happy that my consistency and hard work paid off. I studied four-five hours a day on a regular basis. My teachers really helped me in achieving this score," she said.

Akriti said that she had been hoping to score around 95% marks but had not expected to be the topper.

She said that her favourite subject was history but she wanted to pursue an Honours degree in political science. Other than studying, Akriti spends her time gardening and painting.

She said that she had picked up a number of painting styles such as Nepali and Madhubani, and would like to further engage in creating art.

Meanwhile, there was a tie for the topper's spot in the science (physics, chemistry, maths) stream between Auyush Verma of Suncity School, and Joshua Jeevanand Davis of DPS, Sector 45, both of whom scored 98%.

Auyush, a resident of Sector 54, attributed his success to his teachers, as well.

“My teachers helped me throughout the 12th grade, and today, all my efforts paid dividends. I would like to thank my school principal and teachers for their support. I hope to succeed in whatever I do in life,” he said. An unusual choice for a science student, Auyush wants to be a sports journalist in the future and loves playing football. Joshua Davis is basking in his success, along with preparing for the JEE advance.

He said that his elder sister, a consultant gynaecologist, was his inspiration.

“She scored a full 100 in chemistry and I wanted to do the same. I did. I prepared throughout the year, putting five to six hours on NCERT prescribed textbooks,” said Joshua.

Tanvi Anand from Amity International School, Sector 46, was the commerce stream topper in the district with a whopping 97.8%. She could not be reached for comment.


**LATEST COMMENT**

*CONGRATULATIONS AKRITI, my congratulations to your school, your parents , and TEACHERS. GOOD LUCK,*

***Mahboob Saeedi***

SEE ALL COMMENTS ADD COMMENT


In a first, twins bagged top spots in DPS Sushant Lok in their respective streams. Anushthi Jain scored 97% in the commerce stream and her brother Arnav Jain scored 96.6% in the science stream.

As per data shared by CBSE office, Panchkula, there has been an increase in the overall pass percentage of the Panchkula region, comprising Punjab, Haryana, Himachal Pradesh and Jammu and Kashmir, with 87.57% this year from 85.65% last year. This year, 96,163 boys passed the exam out of 1,22,463 who appeared, while 79,559 girls out of 89,408 passed. The pass percentage of girls in government schools was 84.84% as against 78.30% of boys.

जागरण

https://www.jagran.com/haryana/gurgaon-cbse-results-19188319.html

# सीबीएसई परिणाम: साइंस टॉपर : इंजीनियर बनना चाहते हैं साइंस टॉपर जोशुआ



*दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर 45 गुरुग्राम के साइंस के टॉपर ने सेक्टर 54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल के छात्र आयुष वर्मा के साथ 9*

विषयवार अंक :

इंग्लिश - 95

कैमेस्ट्री - 100

फिजिक्स - 98

मैथ्स - 98

बायोलॉजी - 99

प्रतिशत : 98 जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 45 गुरुग्राम के साइंस के टॉपर जोशुआ ने सेक्टर 54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल के छात्र आयुष वर्मा के साथ 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। जोशुआ ने नियमित पढ़ाई से बेहतरीन अंक प्राप्त किए हैं। हालांकि इस सफलता की उम्मीद उन्हें नहीं थी, लेकिन उन्हें जब यह सूचना मिली तो सबसे पहले उन्होंने अपने माता पिता को इसकी जानकारी दी। इंजीनियर बनने की चाह

जोशुआ आगे की पढ़ाई में इंजीनियरिग करना चाहते हैं। इसके लिए वे तैयारी भी कर रहे हैं। उन्होंने आइआइटी मेंस में सफलता अर्जित की है। जोशुआ अपनी इस सफलता के श्रेय माता पिता व शिक्षकों को देना चाहते हैं। उनकी मां कैमेस्ट्री की शिक्षक हैं। जोशुआ का कहना था कि मां की प्रेरणा से एकेडमिक्स में आगे बढ़े तो पिता की प्रेरणा से कभी हार नहीं मानी। पिता जोसफ बायोटेक्नोलॉजी के प्रोफेसर हैं। खेलों में भी चैंपियन

जोशुआ पढ़ाई के साथ साथ खेलों व पियानो में भी महारथ रखते हैं। उन्होंने अन्य खेलों के साथ ताइक्वांडो में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल भी जीता है। उनका कहना है कि खेलों और संगीत से बेहतर स्ट्रेस बस्टर कोई नहीं हो सकता।

बैंकिग के क्षेत्र में जाना चाहते हैं साइंस टॉपर आयुष

विषयवार अंक :

इंग्लिश - 98

फिजिक्स - 98

कैमेस्ट्री - 98

मैथ्स- 99

इकोनॉमिक्स - 97 विज्ञान संकाय में आयुष ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सनसिटी स्कूल के आयुष अब इकोनॉमिक्स में अपने ग्रेजुएशन की पढ़ाई करेंगे वहीं कॉरपोरेट सेक्टर के साथ-साथ फाइनेंस, बैंकिग के क्षेत्र में आगे कार्य करना चाहते हैं। सेक्टर-54 में रहने वाले आयुष के पिता आदित्य वर्मा बिजनेस मैन हैं और मां सीमा वर्मा ट्यूशन शिक्षक हैं। आयुष बताते हैं कि परीक्षाओं के दौरान कभी भी उन्होंने घंटों में अपनी पढ़ाई को नहीं बांटा। हमेशा टॉपिक के साथ अपनी पढ़ाई को विभाजित किया करते थे। रोजाना लक्ष्य बनाकर करके चलते थे और उसी अनुसार पढ़ाई भी करते थे। पढ़ाई के अलावा उनकी हॉबी फुटबॉल में रही, इसलिए स्कूल टूर्नामेंट में हमेशा बेहतरीन प्रदर्शन दिया।

नवभारत टाइम्स
गुड़गांव समाचार

https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/gurgaon/joshua-also-received-98/articleshow/69149145.cms

# जोशुआ को भी मिले 98%

सेक्टर-45 स्थित डीपीएस के साइंस के टॉपर जोशुआ जीवानंद ने भी सेक्टर-54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल के छात्र आयुष वर्मा के साथ 98 प्रतिशत अंक प्राप्त ...

एनबीटी न्यूज, गुड़गांव : सेक्टर-45 स्थित डीपीएस के साइंस के टॉपर जोशुआ जीवानंद ने भी सेक्टर-54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल के छात्र आयुष वर्मा के साथ 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जोशुआ ने नियमित पढ़ाई से बेहतरीन अंक प्राप्त किए। हालांकि उन्हें इस सफलता की उम्मीद नहीं थी। सूचना मिलते ही उन्होंने अपने माता-पिता को इसकी जानकारी दी। जोशुआ इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। उन्होंने आईआईटी मेंस में सफलता अर्जित की है। जोशुआ अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को देते हैं। उनकी मां कैमेस्ट्री की शिक्षक हैं और पिता जोसफ प्रफेसर हैं। जोशुआ पढ़ाई के साथ साथ खेलों व पियानो में भी महारथ रखते हैं।